# पीएम कुसुम योजना से सौर ऊर्जा का बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी

## 74,250

### सोलर सिंचाई पंप लगेंगे, किसानों को मिलती रहेगी 60 प्रतिशत सब्सिडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत प्रदेश में लगाए जा रहे सोलर सिंचाई पंप के माध्यम से वर्ष 2027 तक दो हजार मेगावाट सौर क्षमता हासिल करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 74,250 सोलर सिंचाई पंप किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। सोलर पंप में तकनीकी कारणों से कम हुए केंद्रीय अनुदान की भरपाई का निर्णय भी प्रदेश सरकार ने लिया है। गुरुवार को कृषि विभाग से जुड़े इस अहम प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये स्वीकृति प्रदान की गई। इस मद में राज्य सरकार अगले वित्तीय वर्ष तक 168.63 करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय करेगी। पीएम कुसुम योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा बेंचमार्क मूल्य पर ही अनुदान दिए जा रहा है।